Moneyonclick

PARTNERS



# उत्पाद नोट

उत्पाद नोट

# कम्पनी के बारे में

वर्टगेज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का MoneyOnClick व्यापारिक नाम है, एक प्रमुख फिनटेक कंपनी है, जिसका बेंगलुरु, भारत में पंजीकृत कार्यालय है। वर्टगेज टेक्नोलॉजी ₹ 150 करोड़ की कंपनी है, जिसमें 3इन4 कैपिटल (इंफोसिस के सह-संस्थापक मोहनदास पई, नारायण मूर्ति और नंदन नीलेकणी द्वारा चलाए जा रहे फन्ड्स) और ओरियो वेंचर्स(शुरुआती चरण मे अपने पोर्टफोलियो में ओला और फार्मइजी जैसी कंपनियों के साथ फन्ड्स लिए थे)

MoneyOnClick अपने आप में इस तरह का पहला फिनटेक लेंडिंग प्लेटफॉर्म है, इस का उद्देश्य देश में आज क्रेडिट गैप है इसे हल करना है। औसतन भारतीय लोग जो वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में मेट्रो शहरों से दूर काम करते हैं, वह बैंकों और NBFC's से निजी लोन पाने में असमर्थ हैं, जब की उसे इस की किसी काम के लिए आवश्यकता होती है। स्थानीय साहूकार से ही उसे लोन लेना पड़ता है लोन लेने के लिए या तो उसे अपनी संपत्ति या सोने के आभूषण गिरवी रखने पड़ते हैं। एक कंपनी के रूप में लंबी प्रक्रियाएं, उच्च ब्याज दर और अपने क़ीमती सामान की सुरक्षा के झंझट और परेशानीयों से बचा कर इन व्यक्तियों को, आसानी से लोन पाना हम संभव बनाते हैं।

हमारे ग्राहक और साझेदार, जिनके साथ हम काम करते है, दोनों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने पर हमारी टीम का ध्यान रहता हैं। उन सभी लोगों को लोन पाना संभव हो यही हमारा उद्देश्य है, इस मे अपात्र, अक्षम, और क्रेडिट के लिए नए हैं, जिन्हों ने कभी किसी औपचारिक संस्थान से कोई लोन नहीं लिया, ऐसे लोग हो।

अपने उत्पाद में हम ने लचीलापन लाया है, सभी ग्राहकों को हम जैसे टेलर-मेड रिपेमेंट शेड्यूल दे रहे हैं, इस से हमारे ग्राहकों की वित्तीय स्थिरता बनी रहेगी और इस पर दबाव नहीं बनेगा। हमारी प्रक्रिया एक सेटअप की तरह है, इस से योग्यता के संबंध में तेज और सटीक निर्णय होंगे और ग्राहकों को कोई परेशानी नही होगी।

हमारी हमीदारी पूरी तरह से सुव्यवस्थित है इस में किसी भी ग्राहक के खिलाफ कोई हस्तक्षेप और पूर्वाग्रह नहीं है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिस में ग्राहक से समानता और एक समान निष्पक्षता से व्यवहार होता है।

# उत्पाद के बारे में

## उत्पाद

वेतन लेनेवाले ग्राहकों को हम उन की ज़रूरतों के अनुसार अनुकूलित किए गए असुरक्षित निजी लोन देते हैं पारंपरिक रूप से जिन्हें बैंक या NBFC से लोन नहीं मिल पाता इस लिए पैसे के लिए साहूकारों के पास उंचे ब्याज दर पर सोना या कुछ महंगी चीजें गिरवी रखने से हम बचाते हैं।

## जमानत

हमारे लोन के लिए हम किसी भी किस्म की सिक्योरिटि या जमानत की मांग नहीं करते

## लोन राशी

हम ₹50,000/- से ₹5,00,000/- तक की लोन राशी उपलब्ध कराते हैं

## अवधि

हम 6 महिनों से ले कर 3 साल तक की अवधि प्रदान करते हैं

## ब्याज़ दर

हमारे ब्याज़ दर 16% से आरंभ तो होते हैं, पर यह ग्राहक की प्रोफ़ाइल पर बदल सकते हैं

## वेतन

कुल इन हैंड कम से कम महिना ₹16,000/-

## लोन का कारण

हम सभी कारणों के लिए लोन देते हैं, मिसाल के तौर पर शादी, डॉक्टरी इलाज, खुद के लिए या परिवार के लिए शिक्षा, रेंटल डिपॉज़िट, तीर्थयात्रा, घर में सुधार आदि।

# पात्रता मापदंड

ग्राहकों के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण पहलू और फ़िल्टर्स हैंजो हमारे लिए बहुत जरूरी है।

## ग्राहक की प्रोफ़ाईल

- वेतन लेनेवाला व्यक्ति होना चाहिए, न कि स्व-नियोजित या खुद की कंपनी से वेतन लेनेवाला या पार्ट टाइम काम करनेवाला व्यक्ति
- या तो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी या फिर पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहा हो या सरकारी कर्मचारी हो
- कर्ज लेनेवाले व्यक्ति की उम्र 21 साल से अधिक होनी चाहिए
- व्यक्ति का लिंग क्या हो इस पर कोई प्रतिबंध नहीं

## कार्य अनुभव

- कम से कम 1 साल का काम करने का कुल अनुभव आवश्यक है

## वेतन

- कुल इन हैंड वेतन महिना कम से कम ₹16,000/- होनी चाहिए
- वेतन ऑनलाईन ट्रान्सफ़र से सीधे आप के बैंक खाते में आना चाहिए, चेक या कैश से होने वाले वेतन पर फ़ंडिंग नहीं होगी

## करंट EMI

- करंट EMI कुल इन हैंड वेतन से 40% से कम होनी चाहिए

**ग्राहक वर्तमान में किसी भी लोन में अतिदेय नहीं होना चाहिए**

Moneyonclick

# आवश्यक दस्तावेज़

## हमारे अपने मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी

- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- 1 महीने की वेतन पर्ची (वर्तमान रोज़गार के पिछले 6 महीनों में से)
- सैलरी बैंक अकौंट से पिछले 12 महीनों का बैंक के ओरिजनल PDF फ़ॉर्मेट में बैंक स्टेटमैंट
- PDF स्टैटमेंट या तो नेट बैंकिंग से डाउनलोड किया हुआ या फिर इ-मेल द्वारा भेजा हुआ होना चाहिए। PDF में परिवर्तित स्कैन किया हुआ बैंक स्टेटमैंट स्वीकार नहीं होगा

## मामले की मंजूरी के बाद लोन वितरण के लिए निम्न दस्तावेजों की हमें जरूरत रहेगी

- गारन्टर - प्रोफ़ाइल के अनुसार हम लोन के लिए, परिवार के भीतर से ही एक गारन्टर मांग कर सकते हैं
- ग्राहक के सैलरी बैंक अकौंट के चार चेक
- ग्राहक के पासपोर्ट आकार की फोटो
- प्रोफ़ाईल के अनुसार ग्राहक से लोन स्टेटमैंट/लोन क्लोज़र लेटर की मांग की जा सकती है
- प्रोफ़ाईल के अनुसार ग्राहक से घर खुद का होने के सुबूत माँगे जा सकते हैं

# आंतरिक जाँच

ग्राहक की पात्रता और उस के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित मुद्दों पर हम आंतरीक जाँच करेंगे:

## क्रेडिट ब्यूरो

हम ग्राहक और गारन्टर का (यदि पूछा जाता है तो) अनिवार्य क्रेडिट ब्यूरो चेक (CIBIL) करेंगे। हम ग्राहक का लोन वापसी इतिहास (क्रेडिट रिपेमेंट हिस्ट्री) जाँचेंगे

## बैंक स्टेटमेंट सत्यता

ग्राहक द्वारा प्रदान बैंक विवरण का प्रारूप और विवरण सत्यता जाँचे जाएंगे। यदि बयान में धोखाधड़ी है या इसे संपादित किया गया है, तो उसे नाकारा जाएगा

## पता सत्यापन

ग्राहक का स्थायी पता, वर्तमान पता और कार्यालय पता इन का हम भौतिक रूप से सत्यापन करेंगे

# हम अन्य उधारदाताओं से कैसे अलग हैं?

- हम एक टेक्नॉलॉजि केंद्रित कंपनी हैं जहां प्रक्रिया और नीति से काम किए जाते हैं जो हमें अपनी सेवाएं तेज़ और अधिक सटीक तरीके से देने में सक्षम बनाते हैं
- हम कहीं भी और किसी भी क्षेत्र में लोन दे सकते हैं, इसे कोई भी भौगोलिक सीमा/मर्यादा नहीं है
- हमारी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो रही है, अब ग्राहक को लोन प्रोसेसिंग के लिए शाखा के चक्कर लगाने की परेशानी नहीं होगी जिस से उसे अपने कार्यालय से समय निकालना नही पडेगा
- लोन की चुकौती को ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाता है
- लोन के लिए किसी भी रूप की सुरक्षा के लिए हम कभी नहीं पूछेंगे
- हमारे लोन में कोई छिपा हुआ शुल्क नहीं है, और न ही लोन के कार्यकाल के दौरान ब्याज दर में वृद्धि होगी जैसे यह गोल्ड लोन्स में साहूकारों द्वारा किया जाता है

# कमीशन स्ट्रक्चर

हमारे साथ आप भागीदार हैं, इस लिए हम आपको कमीशन प्रदान करेंगे। यह कमीशन लोन राशि का 2% होगा, जिसका भुगतान किया जाएगा लोन रकम की डिसबर्समेंट के एक महीने बाद। इसके अलावा लोन की अवधि के दौरान हर छह महीने में 0.33% का बोनस हम आपको देंगे, ग्राहक द्वारा सफल ईएमआई भुगतान के बाद। इसके अतिरिक्त समय-समय पर, हर माईलस्टोन अचिवमेंट पर विशेष प्रोत्साहन पैकेज हम देंगे।

## कमीशन स्ट्रक्चर ब्रेकअप

1. लोन राशि के 2% का भुगतान लोन रकम की डिसबर्समेंट के एक महीने बाद किया जाएगा।
2. बोनस - लोन राशि का 2%, जो पिछले ईएमआई के सफल भुगतान पर समान रूप से विभाजित कर हर छ महिने पर दिया जाएगा
3. माईलस्टोन अचिवमेंट पर निर्धारित विशेष प्रोत्साहन पैकेज हम देंगे
4. अतिरिक्त प्रोत्साहन योजनाएं, जो समय-समय पर शुरू की जाती है

Moneyonclick


# कमीशन भुगतान का उदाहरण

ग्राहक को दिए जाने वाली लोन राशि - ₹ 2,00,000
लोन की अवधि – 36 महिने
देयता (डिसबर्सल) दिनांक – अगस्त 2019

| महिना | वितरित राशि (ग्राहक को) | EMI No. | सामान्य कमीशन (आपको) | बोनस कमीशन (आपको) |
|---|---|---|---|---|
| August 2019 | | | | |
| September 2019 | | 1 | 4,000 | |
| October 2019 | | 2 | | |
| November 2019 | | 3 | | |
| December 2019 | | 4 | | |
| January 2020 | | 5 | | |
| February 2020 | | 6 | | |
| March 2020 | | 7 | | 667 |
| April 2020 | | 8 | | |
| May 2020 | | 9 | | |
| June 2020 | | 10 | | |
| July 2020 | | 11 | | |
| August 2020 | | 12 | | |
| September 2020 | | 13 | | 667 |
| October 2020 | | 14 | | |
| November 2020 | | 15 | | |
| December 2020 | | 16 | | |
| January 2021 | | 17 | | |
| February 2021 | | 18 | | |
| March 2021 | | 19 | | 667 |
| April 2021 | | 20 | | |
| May 2021 | | 21 | | |
| June 2021 | | 22 | | |
| July 2021 | | 23 | | 667 |
| August 2021 | | 24 | | |
| September 2021 | | 25 | | |
| October 2021 | | 26 | | |
| November 2021 | | 27 | | |
| December 2021 | | 28 | | |
| January 2022 | | 29 | | |
| February 2022 | | 30 | | |
| March 2022 | | 31 | | 667 |
| April 2022 | | 32 | | |
| May 2022 | | 33 | | |
| June 2022 | | 34 | | |
| July 2022 | | 35 | | |
| August 2022 | | 36 | | |
| September 2022 | | 37 | | 667 |
| **TOTAL** | | | 4,000 | 4,000 |

हम सभी कमीशन का भुगतान अगले महीने की 20 तारीख के भीतर बिना किसी विलंब और देरी के करते हैं।

# प्रोसेस फ्लो




Moneyonclick

# अधिकतर पूछे जाने वाले सवाल?

## क. किस प्रकार के ग्राहकों से मुझे संपर्क करना चाहिए?

आप नीचे दिए प्रकार की प्रोफ़ाइल वाले ग्राहकों से आप संपर्क कर सकते हैं :-

i. केवल वेतन पानेवाला व्यक्ति.

ii. या तो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी या फिर पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहा हो या सरकारी कर्मचारी हो

iii. कर्ज लेनेवाले व्यक्ति की उम्र 21 साल से अधिक होनी चाहिए

iv. कम से कम 1 साल का काम करने का कुल अनुभव आवश्यक है

## ख. पात्रता मापदंड क्या होंगे?

प्राथमिक पात्रता मापदंड इस प्रकार के हैं –

i. कम से कम 1 साल का काम करने का अनुभव

ii. कुल इन हैंड वेतन महिना कम से कम ₹16,000/- होनी चाहिए

iii. वेतन ऑनलाइन ट्रान्सफ़र से सीधे आप के बैंक खाते में आना चाहिए

iv ग्राहक की करंट EMI कुल इन हैंड वेतन से 40% से कम होनी चाहिए

v. ग्राहक वर्तमान में किसी भी लोन में अतिदेय नहीं होना चाहिए

## ग. कितनी रकम तक मैं लोन ले सकता हूँ? इसे कैसे तय किया जाता है?

हम अधिकतम ₹5,00,000/- (पांच लाख) तक की लोन राशी देते हैं।
लोन राशि की गणना में वर्तमान इन हैंड वेतन और मौजूदा लोन ईएमआई इन का जायजा ले कर इसे तय किया जाता है।

## घ. किस अवधि तक मैं लोन ले सकता हूँ?

अधिकतम लोन अवधि 3 साल (36 महिने) तक होगी

## ङ. ब्याज दर क्या रहेगा?

ब्याज दर ग्राहक की प्रोफ़ाइल के अनुसार बदल सकते हैं
हमारे ब्याज़ दर 16% से आरंभ तो होते हैं।

## च. EMI क्या रहेगा? इसे कैसे तय किया जाता है?

ईएमआई या समान मासिक किस्त वह राशि है जो ग्राहक को लोन के लिए प्रति माह देनी होती है। ईएमआई की गणना किस्त संख्या (लोन अवधि) पर कुल मूलधन और कुल ब्याज को एक समान विभाजित करके की जाती है।

## छ. ग्राहक को लोन मिलने में कितने दिन लग सकते हैं?

आवश्यक दस्तावेज जमा होने पर काम के 3 दिनों में स्वीकृति और अनुमोदन पत्र प्राप्त होगा। इस के बाद फिर एग्रीमेंट बनाना, सत्यापन करना और डिसबर्सल की प्रक्रिया हम शुरू करेंगे

## ज. लोन की रकम ग्राहक को कैसे आदा की जाएगी?

ग्राहक के वेतन बैंक खाते में जो उस ने जोडा था उसी में लोन राशि सीधे डिसबर्स की जाएगी। कैश या चैक से कोई भी डिसबर्सल नहीं किया जाएगा

## झ. EMI की रकम ग्राहक किस तरह से प्रदान करेगा?

NACH (नेशनल ऑटो क्लीयरिंग हाउस) में रजिस्टर कर के हर महीने की EMI तारीख को ग्राहक के बैंक खाते से EMI लिया जाएगा। ग्राहक को NACH मॅन्डेट फॉर्म आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षरित करना होगा (हस्ताक्षर बैंक के डेटाबेस से मेल खाना चाहिए)। यह मॅन्डेट फॉर्म लोन एग्रीमेंट के साथ ही आप को दिया जाएगा।

यदि NACH मॅन्डेट रजिस्टर नहीं होता है/अस्वीकृत होता है तो ग्राहक अपने बैंक खाते से (NEFT / IMPS / UPI / पेटीएम / Google पे / फोन पे) ऑनलाइन ट्रान्सफ़र कर भुगतान कर सकता है।

## ञ. ग्राहक के रिस्क प्रोफाइल की पहचान कैसे होगी?

रिस्क प्रोफाइल का निर्धारण आंतरिक तौर पर किया जाएगा। रिस्क प्रोफाइलिंग ग्राहक का क्रेडिट इतिहास, वर्तमान बैंकिंग, उम्र, वैवाहिक स्थिति और आवासीय स्थिति के आधार पर बनाया जाएगा

## ट. लोन प्रक्रिया के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज़ कौन से हैं?

ग्राहक के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित मूल दस्तावेज़ की आवश्यकता होगी –

i. आधार कार्ड
ii. पैन कार्ड
iii. 1 महीने की वेतन पर्ची (वर्तमान रोज़गार के पिछले 6 महीनों में से) या कंपनी के HR का सैलरी सर्टिफिकेट
iv.सैलरी बैंक अकौंट से पिछले 12 महीनों का बैंक के ओरिजनल PDF फ़ॉर्मेट में बैंक स्टेटमैंट

## ठ. कौनसे दस्तावेज़ कार्यालय पते के लिए प्रमाण माने जाते हैं?

कार्यालय पते के प्रमाण के तौर पर निम्न दस्तावेज़ प्रदान किए जा सकते हैं

i. ID कार्ड

ii. HR से ई-मेल की पुष्टि

## ड. खुद के घर के सुबूत के तौर पर कौन से दस्तावेज़ प्रमाण माने जाते हैं?

i. विकल्प 1 – इलेक्ट्रिसिटी बिल

ii. विकल्प 2 – प्रॉपर्टी टैक्स

iii. विकल्प 3 – म्यूनिसिपल टैक्स रिसिट

iv. विकल्प 4 – वाटर टैक्स रिसिट

v. विकल्प 5 – संपत्ति ख़रीद दस्तावेज़

## ढ. आधार कार्ड में यदि हाल का या स्थायी पता नहीं होता है तो क्या करें?

ऐसी हालत में हमे हाल के और स्थायी दानों पतों के सुबूत पाने होंगे

## ण. HR पत्र को क्या रोजगार और निवास दोनों के लिए प्रमाण माना जा सकता है?

नहीं, HR पत्र को या तो केवल रोजगार या फिर आवासीय प्रमाण के रूप में माना जा सकता है

Moneyonclick

## त. ब्यूरो रिपोर्ट क्या होता है?

ब्यूरो रिपोर्ट उपलब्ध - सीआईबीआईएल (CIBIL), इक्विफॅक्स (Equifax), एक्सपिरियन (Experian) और सीआरपीएफ (CRIF)। यह रिपोर्ट्स ग्राहक के द्वारा लिए गए लोन्स और उन के क्रेडिट कार्ड से क्रेडिट हिस्ट्री प्रदान करते हैं। इन से रिपेमेंट हिस्ट्री भी मिलती है जिस में पहले की या हाल की पेमेंट में देरी की जानकारी होती है। ग्राहक के इन चार उपलब्ध रिपोर्टों में से कोई भी एक हम लेंगे और हमारे लोन मूल्यांकन के लिए जिस से उस का पूर्व इतिहास हम जानेंगे

## थ. DTI क्या है?

DTI – DTI का मतल है आय पर लोन (डेट टू इनकम)। लोन पात्रता जानने के लिए यह प्रतिशत गणना है

DTI गणन इस प्रकार होता है (कुल मासिक EMI + घर किराया) / कुल इन हैंड वेतन

### उदाहरण:

मान लिजिए की एक ग्राहक प्रति माह इन हैंड वेतन ₹ 25,000 कमा रहा है और ईएमआई का भुगतान कर रहा है ₹ 10,000 प्रति माह और घर किराया है ₹3,000 प्रति माह तो वर्तमान DTI = (10,000 + 3,000) / 25,000 = 52%

## द. अगर कोई प्रश्न है या कुछ स्पष्टीकरण चाहिए तो संपर्क कहां करेंगे?

नींचे दिए पते पर आप हमें संपर्क कर सकते हैं –
ईमेल – partners@moneyonclick.com

## ध. कैसे विश्वास करें की जो दस्तावेज़ लिए हैं उन का गलत इस्तेमाल नहीं होगा?

डेटा संरक्षण और दस्तावेज़ उपयोग नियंत्रण के सभी सरकारी कानून और RBI नीतियों का हम पालन करते हैं। लोन मूल्यांकन के अलावा किसी भी कारण के लिए किसी भी दस्तावेज या डेटा का हम उपयोग नहीं करेंगे

## न. क्या आप का कोई अन्य उत्पाद भी है?

अभी तो में हम केवल असुरक्षित निजी लोन ही प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि इसकी उपलब्धता 2 रे दर्जे के और 3 रे दर्जे के शहरों में नहीं के बराबर है और इस कारण इसके लिए बहुत बड़ा मार्केट भी उपलब्ध है। हमारी प्रक्रिया आसान है इस से इस उत्पाद के लिए हर महीने सैकड़ों ग्राहक आप प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन दूर की देखें तो, आप के नेटवर्क मे और आप के ग्राहकों को बेचने के लिए अन्य प्रकार के लोन, सेविंग और बीमा जैसे उत्पाद हम आपको प्रदान करेंगे

## प. हमारी सहायता करने के लिए किस प्रकार की प्रचार गतिविधियाँ की जाएंगी?

जिस किसी प्रकार की प्रचार गतिविधि मे आप हम से मदद चाहते हैं उस में हम सहायता करेंगे। इस के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं –

i. मार्केटिंग मटेरियल सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करना

ii. हार्ड कॉपी (भौतिक सामग्री) मार्केटिंग मटेरियल उपलब्ध करना

iii. आपकी तरफ़ से आपके ग्राहक डेटाबेस पर एसएमएस अभियान चलाना

iv. आपकी तरफ़ से आपके ग्राहक डेटाबेस पर ईमेल अभियान चलाना

iv.आपके तरफ से आपके डेटाबेस पर ईमेल कैम्पेन

Moneyonclick